पत्रांकः– 414

उच्च शिक्षा निदेशालय, शिक्षा विभाग

बिहार सरकार

प्रेषक,

डॉ0(प्रो0) रेखा कुमारी,
निदेशक, उच्च शिक्षा।

सेवा में,

कुलसचिव,
राज्य के सभी परम्परगत विश्वविद्यालय।

विषयः– बिहार मैथमेटिकल सोसायटी द्वारा आयोजित **"टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिकल साइंसेस 2023 प्रतियोगिता परीक्षा"** में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र/छात्राओं को भाग लेने के संबंध में

पटना; दिनांकः– 17-11-2023

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के द्वारा आयोजित टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिकल साइंसेस 2023 प्रतियोगिता परीक्षा में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए आयोजित किया जाना है। बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के वेबसाइट **www.bmsbihar.org** पर दिनांक **15.11.2023 से 18.12.2023** तक तक आवेदन प्राप्त किया जा रहा है। इसमें आवेदन करने हेतु कोई शुल्क निर्धारित नहीं है।

इसका मुख्य उदेश्य छात्रों में गणित के प्रतिभा की पहचान करना, उन्हें पुरस्कृत करना एवं इन्स्ट्रक्शनल स्कूल फॉर मैथमेटिकल साइंसेस के तहत प्रशिक्षण दिया जाना है।

इस कार्यक्रम के संबंध में विशेष जानकारी डॉ0 विजय कुमार, संयोजक–सह–कार्यकारी संयुक्त सचिव बिहार मैथमेटिकल सोसायटि सह विभागाध्यक्ष गणित विभाग कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एण्ड साइंस, पटना (**मोबाईल नं0– 9835057735 bmshelplinedesk@gmail.com**) से प्राप्त किया जा सकता है।

अतः अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता परीक्षा के संबंध में अपने विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले सभी अंगीभूत/संबद्ध महाविद्यालयों को इस संदर्भ में सूचित करेगें तथा प्रेरित करेगें कि अधिक से अधिक छात्र/छात्राएँ इस प्रतियोगिता परीक्षा में भाग ले।

विश्वासभाजन

17.11.23

रेखा कुमारी

निदेशक, उच्च शिक्षा।

**कार्यक्रम विवरणी-**

**1.उद्देश्य** -इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में गणित के प्रतिभा को पहचानना, सोचने और सीखने के लिए रुचि पैदा करना, गणित के प्रति भय को दूर करना था गणित के प्रति तर्कसंगत सोच को विकसित करना है।

**2.परीक्षा पैटर्न-** प्रतियोगिता परीक्षा कक्षा 6 से 12 एवं स्नातक/स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए आयोजित किया जाना है।

प्रतियोगिता परीक्षा पूर्ण रूप से ऑफलाइन/ ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक के लिए 25 विकल्प प्रश्न पूछे जाएंगे जिसके लिए 60 मिनट निर्धारित हैं। प्रश्न पत्र हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध रहेंगे।

**3.परीक्षा शुल्क** - प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने हेतु किसी प्रकार की परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा ।

**4.योग्यता-** इस प्रतियोगिता परीक्षा में प्रतिभागिता हेतु वर्तमान 2023 में छात्र-छात्राओं का कक्षा 6 से 12 एवं स्नातक/ स्नातकोत्तर में अध्ययनरत होना अनिवार्य है। आवेदक कक्षा 6 से 12 एवं स्नातक/ स्नातकोत्तर में से केवल एक के लिए ही आवेदन कर सकते हैं। सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों/ महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित हों सकते हैं।

**5.पंजीकरण की प्रक्रिया-** प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने हेतु बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के वेबसाइट www.bmsbihar.org पर पंजीकरण करना होगा।

**6.प्रवेश पत्र-** छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने हेतु अपना प्रवेश पत्र बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के वेबसाइट www.bmsbihar.org से डाउनलोड कर सकते हैं।

**7.सिलेबस एवं विगत वर्ष प्रश्न पत्र-** प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम एवं विगत वर्ष में पूछे गए प्रश्न पत्र तथा परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के वेबसाइट www.bmsbihar.org उपलब्ध है।

**8.परीक्षा केंद्र**-राज्य के सभी जिलों के नामित केंद्र किया जाएगा। विशेष परिस्थिति में परीक्षाएं ऑनलाइन भी आयोजित की जा सकती है।

**9.इन्स्ट्रक्शनल स्कूल फॉर मैथमैटिकल साइंस (ISMS)-** इंस्ट्रक्शन स्कूल फॉर मैथमेटिक्स साइंस के तहत टैलेंट सर्च इन मैथमेटिक्स 2023 के चयनित छात्रों को प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

**10.पुरस्कार वितरण**-चयनित उम्मीदवारों को पुरस्कृत किया जाएगा।

11.प्रचार-प्रसार- इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से कराया जा सकता है।

**12.बिहार मैथमेटिकल सोसायटी-** बिहार मैथमेटिकल सोसायटी की स्थापना 1958 में की गई थी। इस सोसाइटी का उद्देश्य शोध, अनुसंधान, सेमिनार, कार्यशाला, कॉन्फ्रेंस आदि के माध्यम से छात्रों में गणित के प्रतिभा को पहचानना एवं अभिरुचि पैदा करना है। इसके अतिरिक्त सोसाइटी के द्वारा वर्ष 1993 से विद्यालय के छात्रों के लिए टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।